मोरछड़ी का झाड़ा | By Rajiv Radhe

दुखों ने घेर लिया प्रेमी तेरा घबराया है
दे दे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है

तेरी मोरछड़ी से बाबा खुलता किस्मत का ताला
और जिस पर फिर जाए उसका हर संकट टाला
हर डूबी हुई नैया को तुमने पार लगाया है
देदे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है

इस कलयुग में अब बाबा तेरे नाम का डंका बाजे रे
अब तीनो लोक में बाबा नीले पे तू ही साजे रे
तुम शीश के दानी बाबा लखदातार कहाया है
देदे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है

इस हारे हुए को बाबा तेरे नाम ने मुझको संभाला
जिसने निशान उठाया उसका बना रखवाला
अब इस राधे को राधे बाबा तुमने बनाया है
देदे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9d%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-by-rajiv-radhe/